INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson -2 Nadan Dost.	Topic: Questions , answers and word meanings.	Note: Pl. write in your note book

पाठ - 2 - नादान दोस्त |

अति लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न 1- चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे ?

उत्तर- चिड़िया ने अंडे कार्निस पर दिए थे |

प्रश्न 2- बच्चों के मन में क्या जिज्ञासा थी ?

उत्तर- बच्चों के मन में अंडों को देखने की जिज्ञासा थी |

प्रश्न 3- केशव ने श्यामा को क्या लाने को कहा ?

उत्तर- केशव ने श्यामा को कूड़ा फेंकने वाली टोकरी लाने को कहा ।

प्रश्न 4- श्यामा की नींद कब खुली ?

उत्तर- श्यामा की नींद चार बजे खुली ।

प्रश्न 5- चिड़िया ने कितने अंडे दिए थे ?

उत्तर- चिड़िया ने तीन अंडे दिए थे ।

प्रश्न 6- केशव और श्यामा सवेरे - सवेरे क्या देखा करते थे ?

उत्तर- केशव और श्यामा सवेरे - सवेरे चिड़ा और चिड़िया को देखा करते थे ।

प्रश्न 7- बच्चे अम्मा जी को बहलाने के लिए क्या कर रहे थे ?

उत्तर - बच्चे अम्मा जी को बहलाने के लिए सोने का बहाना कर रहे थे।

प्रश्न 8- बच्चों ने सिटकनी धीरे से क्यों खोली ?

उत्तर - बच्चों ने सिटकनी धीरे से अम्मा जी के जागने के भय से खोली।

प्रश्न 9- केशव को श्यामा पर विश्वास क्यों नहीं रह गया था ?

उत्तर - केशव को श्यामा पर विश्वास अंडे ना दिखाने के कारण नहीं रह गया था।

प्रश्न 10-अम्मा जी को हँसी क्यों आई थी ?

उत्तर - अम्मा जी को हँसी केशव का भोलापन देखकर आई थी।

प्रश्न 11-केशव को अपनी किस गलती पर अफसोस होता रहा ?

उत्तर - केशव को अंडे खराब होने की गलती पर अफसोस होता रहा ।

प्रश्न 12- केशव अंडों के साथ क्या करना चाहता था **?**

उत्तर - केशव अंडों की सुरक्षा करना चाहता था ।

लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न 1 **-** अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे ?

उत्तर-   अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में कई तरह के सवाल उठते थे कि अंडे कैसे हैं ? कितने बड़े हैं ? किस रंग के हैं ? उनमें से बच्चे कैसे निकलेंगे इत्यादि |

प्रश्न 2 **-** बच्चे आपस में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?

उत्तर- बच्चे आपस में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दिया करते थे क्योंकि उनके सवालों के ज़वाब देने के लिए अम्मा और बाबू जी के पास समय नहीं था|

प्रश्न 3- श्यामा ने क्या सोचकर माँ से केशव की शिकायत की ?

उत्तर - श्यामा ने सोचा कि केशव को उसकी गलती की सज़ा मिलनी चाहिए इसलिए उसने माँ से केशव की शिकायत की **।**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1**-** केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी दाना -पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?

उत्तर - कार्निस पर चिड़िया के अंडे थे। केशव ने श्यामा से चिथड़े मँगवाकर उनकी गद्दी बनाई और अंडों के नीचे रख दी **|** उन्हें धूप से बचाने के लिए टोकरी से छत बनाई | चिड़िया को दाना-पानी लाने के लिए दूर न जाना पड़े इसलिए दाना -पानी मँगाकर कार्निस पर ही रख दिया ।

प्रश्न 2**-** केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी ?

उत्तर - केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा करने की नादानी की । चिड़िया अपने अंडों की रक्षा स्वयं कर सकती थी। चिड़िया ने सुरक्षित स्थान समझकर की कार्निस पर अंडे दिए थे **|** केशव और श्यामा ने अंडों की रक्षा करने के प्रयास में उन्हें छूकर गंदा कर दिया। उन्हें नहीं मालूम था कि यदि वे अंडों को छू लेंगे तो चिड़िया उन्हें गिरा कर नष्ट कर देंगी **|**

शब्दार्थ -

1 कार्निस - दीवार के ऊपर का आगे बढ़ा हुआ भाग

A decorative border above the window

2 सुध - होश - **Sense**

3 तसल्ली - दिलासा - **Satisfaction**

4 गर्व - घमंड - **Proud**

5 पेचीदा - मुश्किल - **Difficult, Hard**

6 जिज्ञासा - जानने की इच्छा - **Eager to know**

7 अधीर - बेचैन - **Restless**

8 अनुमान - अंदाज़ा - **Idea**

9 प्रस्ताव - सुझाव - **Suggestion**

10 स्वीकृत करना - मंजूर होना - **Accept**

11 चाव - शौक - **Interest**

12 आँख बचाकर - नज़रों से बचकर - **Sneaked(to hide)**

13 उधेड़बुन - सोच विचार - **Lost in thoughts, to think**

14 हिकमत - उपाय, युक्ति - **Plan**

15 चिथड़े - फटे पुराने कपड़े - **Rag, Old cloths**

16चटनी कर डालना - खूब पीटना - **Beating hard**

17 यकायक - एकदम - **Suddenly**

18 संयोग से - इत्तफ़ाक से - **By chance**

19 उल्टे पाँव दौड़ना - देखते ही दौड़ना -

Returning back immediately

20 चेहरे का रंग उड़ना - घबरा जाना - **Getting scared**

21 सहमी हुई- घबराई हुई - **Afraid**

22 भीगी बिल्ली बना - डरा हुआ - **Scared**

23 थामना - सहारा देना - **To Help**

24 जोग - प्रयास - **Try**

25 सत्यानाश करना - बरबाद कर डालना - **Spoiling everything**

****